**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 29 अगस्त, 2024 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 29 अगस्त, 2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 तथा समस्त आई0एस0ए0 / आई0ई0सी0 एजेन्सीज एवं उ0प्र0 जल निगम द्वारा कराये जा रहे अपूर्ण कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कार्यालय, प्रतापगढ़ में आवश्यक बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्न अधिकारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे —

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी | अध्यक्ष |
| 2 | जिला सूचना अधिकारी | सदस्य |
| 3 | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस / सिंचाई | सदस्य |
| 4 | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़। | सदस्य सचिव |
| 5 | जिला पंचायत राज अधिकारी | आमंत्रित सदस्य |
| 6 | जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़ | अनुश्रवण इकाई |
| 7 | प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 (जे0वी0) 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई। | कार्यदायी संस्था |
| 8 | उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट–भूरथनम कन्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लान्ट नं0– 77, जुबली इन्कलेव, मधापुर, हैदराबाद। | कार्यदायी संस्था |
| 9 | उप परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट, क्लस्टर–15, प्रतापगढ़ (टी0पी0आई0ए0)। | टी0पी0आई0ए0 |
| 10 | समस्त आई0ई0सी0 / आई0एस0ए0 एजेन्सीज | सहायक एजेन्सी |

**बिन्दु संख्या– 1**

सूचीबद्ध फर्मों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा आवंटित 368 नग (780 राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 352 नग (752 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, प्रस्तावित 423 नग नलकूप के सापेक्ष 353 नग स्थानों पर ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्रस्तावित 344 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 232 नग स्थानों पर कार्य प्रगति पर एवं 112 स्थानों पर कार्य पूर्ण है, प्रस्तावित 182148 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन के सापेक्ष 163209 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा ट्यूबवेल एवं शिरोपरि जलाशय के प्रगति में असंतोष व्यक्त करते हुए प्रत्येक पेयजल योजना में कम से कम 10–12 लेबर हो एवं अवशेष शिरोपरि जलाशय का माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए माह– सितम्बर 2024 में 25 नग, अक्टूबर 2024 में 30 नग एवं नवम्बर 2024 में 40 नग मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये।

इसी प्रकार मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा आवंटित 453 नग (1009 राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 447 नग (996 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, प्रस्तावित 522 नग नलकूप के सापेक्ष 522 नग स्थानों पर ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्रस्तावित 452 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 389 नग स्थानों पर कार्य प्रगति पर एवं 63 स्थानों पर कार्य पूर्ण है, प्रस्तावित 220600 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन के सापेक्ष 218290 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिरोपरि जलाशय के प्रगति में

असंतोष व्यक्त करते हुए प्रत्येक पेयजल योजना में कम से कम 10–12 लेबर हो एवं अवशेष शिरोपरि जलाशय का माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए माह– सितम्बर 2024 में 75 नग, अक्टूबर 2024 में 80 नग, नवम्बर 2024 में 85 नग एवं दिसम्बर 2024 में 90 नग मेसर्स पावरमेक के उप महाप्रबन्धक को दिये।

इसके अतिरिक्त दोनों फर्मों को योजनावार कार्यपूर्ति योजना एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0/
उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0)

बिन्दु संख्या– 2

मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 16 नग स्थानों एवं मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 के उपमहाप्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि 06 नग स्थानों पर भूमि अप्राप्त/विवादित होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका। इस सम्बन्ध में जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अप्राप्त भूमि को प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0/
उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0)

बिन्दु संख्या– 3

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि टी0पी0आई0 द्वारा अपने सत्यापन रिपोर्ट में मेसर्स जे0एम0सी0 को आवंटित 780 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 374 नग राजस्व ग्रामों में 100 प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण एवं मेसर्स पावरमेक को आवंटित 1009 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 404 नग राजस्व ग्रामों में 100 प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण है। इस सम्बन्ध में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त 778 नग ग्रामों की सूची टी0पी0आई0 से प्राप्त कर सम्बन्धित ग्राम प्रधानो से वार्ता कर सत्यापन रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को प्रेषित करें। टी0पी0आई0 को अपनी कार्य प्रणाली सुधारते हुए शासन की मंशा के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा विभागीय टीम बनाकर रोड रेस्टोरेशन की जॉच समस्त पेयजल योजनाओं की करायी गयी जिस सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्मों को गूगल ड्राइव के माध्यम समस्त पेयजल योजनाओं में क्षतिग्रस्त सड़कों की फोटोग्राफ्स दिनांक– 09.08.2024 को प्रेषित किया गया था किन्तु उक्त का अनुपालन आज तक नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्मों को निर्देश दिये गये कि उक्त का अनुपालन अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को एक सप्ताह के अन्दर फोटोग्राफ सहित उपलब्ध करायें।

(कार्यवाही– टी0पी0आई0ए0/ए0डी0पी0आर0ओ0)

बिन्दु संख्या– 4

आई0एस0ए0 एजेन्सीज कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान लखनऊ, प्रीती महिला एवं ग्राम विकास संस्थान बस्ती, प्रदूषण नियंत्रण ऊर्जा विकास समिति प्रयागराज एवं ग्रामीण विकास शोध संस्थान प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा प्रथम फेज के कराये गये कार्यों का बीजक 08–09 माह पूर्व ही प्रस्तुत किया गया था। जिसका सत्यापन डी0पी0एम0यू0, जल निगम के विभागीय अधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा गठित टीम द्वारा कर लिया गया है किन्तु आज तक उक्त कराये गये कार्यो का भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न होने के कारण आगे जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में कठिनाई हो रही है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रथम फेज के कराये गये कार्यों के भुगतान हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त निर्देश दिये गये है कि जिन आई0एस0ए0 द्वारा आवंटित क्लस्टर/ब्लाकों में कार्य नहीं किया जा रहा है या प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है उन्हे नोटिस जारी करते हुए उनके क्लस्टरों को दूसरे आई0एस0ए0 को आवंटित करने की कार्यवाही की जाय। ग्राम स्तर पर आयोजित की जाने वाली जन जागरूकता मीटिंग में अधिकतम लोगों की उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। बैठक में भारतीय महिला एवं ग्रामोद्योग संस्थान एवं जे0पी0 मेमोरियल, लखनऊ के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे जिसके कारण इनके द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा नही की जा सकी।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0)**

बिन्दु संख्या– 5

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद प्रतापगढ़ में जल निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही पेयजल योजनाओं में 06 नग ऑनगोइंग एवं 15 नग रेट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा न किये जाने के कारण बाधित है जबकि उपरोक्त कार्यों के समाप्ति की तिथि वर्ष 2021 थी। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्म/ठेकेदारों को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त पेयजल योजनाओं के अवशेष निर्माण कार्य 03 दिवस में प्रारम्भ करते हुए ऑनगोइंग पेयजल योजना पर माह दिसम्बर, 2024 तक एवं रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना पर माह सितम्बर, 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर ग्राम हर घर जल सर्टिफाई कराते हुए ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित कर दिया जाय।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/सम्बन्धित फर्म, ठेकेदार )**

अन्य बिन्दु–

1– सूचीबद्ध फर्मों को निर्देशित किये गये कि क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य कराते हुए सम्बन्धित ग्राम प्रधान से संतुष्टि प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाय।

2– जिन–जिन पेयजल योजनाओं पर सोलर/विद्युत संयोजन का कार्य करा दिया गया हो, उन पेयजल योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति सुचारू रूप से की जाय।

3– सूचीबद्ध फर्मों द्वारा 15 सितम्बर, 2024 तक 100 प्रतिशत पूर्ण की जाने वाली पेयजल योजनाओं की सूची अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध करायें।

4– सूचीबद्ध फर्मों द्वारा पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्यों में युद्धस्तर पर लेबर एवं टी0एण्ड पी0 बढ़ाते हुए कार्य को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0/<br>उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0)**

अन्त में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न की गयी।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/
डी0डब्ल्यू0एस0एम0,
प्रतापगढ़।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।

## कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़।

पत्रांक : 2639/ एम-6/ 99 दिनांक : 05-9-2024

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (का0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
7. जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
8. मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़।
9. प्रभागीय वनाधिकारी, प्रतापगढ़।
10. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़।
11. जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़।
12. जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़।
13. जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़।
14. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोर्सेस/सिंचाई।
15. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, प्रतापगढ़।
16. अधिशासी अभियन्ता, (प्रान्तीय खण्ड/खण्ड–1/खण्ड–2), लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़।
17. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रतापगढ़।
18. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़।
19. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी)/मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0, 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।
20. उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट–भुरथनम कान्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद।
21. टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0)।
22. समस्त आई0एस0ए0, जनपद– प्रतापगढ़।
23. मेसर्स विंग्स, लखनऊ/मेसर्स जे0एम0सी0 मेमोरियल, लखनऊ।
24. सम्बन्धित उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्म/ठेकेदार, जनपद– प्रतापगढ़।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।